nandgaon times may-04-3.qxd 5/3/2025 11:00 PM Page 1

सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण... पृष्ठ 2 | उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


रविवार, 04 मई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 194, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# छत्तीसगढ़ की एआई क्रांति देश के लिए मॉडल बनेगी : मुख्यमंत्री साय

## छत्तीसगढ़ की एआई क्रांति देश के लिए मॉडल बनेगी: मुख्यमंत्री , मुख्यमंत्री ने नवा रायपुर में एआई डाटा सेंटर पार्क का किया शिलान्यास



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने शनिवार को नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-22 में मेसर्स रैक बैंक के एआई डाटा सेंटर पार्क का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई उद्योग नीति के कारण कम समय में ही देश विदेश से स्थापना हेतु उद्योग आ रहे हैं, यही गति रही तो बहुत जल्द विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत का निर्माण हो जाएगा। यह वर्ष छत्तीसगढ़ की स्थापना का रजत जयंती वर्ष है, हमारी कोशिश रहेगी कि इसी साल स्थापना दिवस पर डाटा सेंटर का लोकार्पण हो जाये। मुख्यमंत्री श्री साय ने एआई डाटा सेंटर की स्थापना करने जा रहे मेसर्स रैक बैंक प्रबंधन के प्रति बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एआई डाटा सेंटर छत्तीसगढ़ के लिए सूचना और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक बड़ी क्रांति लेकर आया है। यह हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जय विज्ञान, जय अनुसंधान के मंत्र को साकार करेगा और विकसित छत्तीसगढ़ की बुनियाद बनेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि देश का ग्रोथ इंजन छत्तीसगढ़ अपने कोयला, स्टील, आयरन ओर, ऊर्जा के लिए पहचाना ही जाता है। अब एआई, सेमीकंडक्टर और सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री से हमें वैश्विक पहचान मिल रही है। विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि हम एक ऐसा छत्तीसगढ़ बना रहे हैं, जहां के युवा सेमीकंडक्टर भी तैयार करेंगे और एआई सेवाएं भी देंगे। एआई डेटा सेंटर से प्रदेश में एआई आधारित सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा। उद्योग और व्यापार जगत के साथ इसका सीधा लाभ लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में मिलेगा। केंद्र सरकार के एआई मिशन का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले साल इंडिया एआई मिशन को मंजूरी दी थी। हमें गर्व है कि साल भर के भीतर हमने एआई को लेकर मोदी जी के विजन पर ठोस काम करके दिखाया है। आज कई सारे उद्योग डाटा से संचालित होते हैं। मोबाइल क्रांति के बाद अब एआई का दौर है। हमारे जीवन के हर क्षेत्र को एआई प्रभावित कर रहा है। ऐसे में छत्तीसगढ़ की एआई क्रांति देश के लिए मॉडल बनेगी। एआई डाटा सेंटर की स्थापना से एजुकेशन, चिकित्सा, मनोरंजन हो या कारखानों में होने वाला उत्पादन सभी को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि एआई डाटा सेंटर की स्थापना से 500 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। जब कोई उद्योग लगता है तो रोजगार के कई दूसरे अवसर भी सृजित होते हैं। मेसर्स रैक बैंक द्वारा स्थापित यह एआई डाटा सेंटर 5 मेगावाट क्षमता का है। इस पूरी परियोजना में लगभग एक हजार करोड़ रुपए का निवेश होगा। एआई डाटा सेंटर में ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट लगाई जाएंगी। इससे एआई पर चलने वाले कंप्यूटर इंफ्रास्ट्रक्चर, सेमीकंडक्टर निर्माण को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम नवा रायपुर को आईटी मेडिसिटी और फार्मास्युटिकल हब के रूप में विकसित कर रहे हैं। डिजिटल कौशल को बढ़ावा देने के कैबिनेट में लिए गए निर्णय पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दो दिन पहले ही हमारी कैबिनेट ने डिजिटल कौशल को बढ़ावा देने के लिए नवा रायपुर अटल नगर में स्टेट ऑफ आर्ट नाइलिट की स्थापना के राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) को लगभग 10 एकड़ जमीन नि:शुल्क आबंटित की है। आज एआई डाटा सेंटर के लिए भूमिपूजन हो या फिर कुछ दिनों पहले सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्टरिंग यूनिट का शिलान्यास। इससे पता चलता है कि हमारी सरकार ईज ऑफ डुईंग बिजनेस से स्पीड ऑफ बिजनेस की ओर कैसे आगे बढ़ रही है। कुछ महीने पहले ही हम नई औद्योगिक नीति लेकर आए। इस नई नीति का कमाल देखिए पांच महीने में प्रदेश को साढ़े चार लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश मिल चुका है। नवा रायपुर की इस धरती पर आज हम जिस एआई डाटा सेंटर की नींव रख रहे हैं वह नई औद्यगिक नीति के कारण संभव हुआ है। क्योंकि अब प्रदेश में उद्योग लगाने के लिए निवेशकों को अलग-अलग विभाग में चक्कर नहीं काटने पड़ते। राज्य में कोई बड़ा उद्योग लगाना हो या स्टार्टअप शुरू करना होगा, सिर्फ एक क्लिक करने पर ही कई सरकारी विभागों की मंजूरियां मिल जाती हैं। नई औद्योगिक नीति के जरिए हमने अगले पांच साल में लगभग चार लाख नये रोजगार पैदा करने का लक्ष्य रखा है।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारा प्रदेश ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में देश का नेतृत्व कर सकता है। हमारे पास आईटी, इंजीनियरिंग से जुड़े बेहतरीन संस्थान हैं। एनआईटी के साथ ही अब तो प्रदेश के आईटीआई में एआई आधारित पाठ्यक्रम पढ़ाए जा रहे हैं। एआई डाटा सेंटर परियोजनाओं के लिए बिजली की उपलब्धता काफी अहम होती है। सौभाग्य से हमारा प्रदेश पावर प्लस स्टेट है। मेसर्स रैक बैंक द्वारा अपनी इस परियोजना में सौर ऊर्जा का भी काफी इस्तेमाल किया जाएगा। ऐसे में प्रदेश का यह पहला एआई डाटा सेंटर देश में मॉडल बनेगा। पिछले दिनों मुझे मुंबई, दिल्ली, बैंगलुरु में इनवेस्टर मीट में शामिल होने का अवसर मिला।

## नगर निगम के सामान्य सभा में शामिल हुए भाजपा जिलाध्यक्ष



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर निगम चुनाव के बाद महापौर मधुसूदन यादव ने नगर निगम का पहला बजट पेश किया। बजट सत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत शामिल हुए। जिलाध्यक्ष राजपूत ने महापौर मधुसूदन यादव, निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, महापौर परिषद के सदस्यों सहित सभी पार्षदों को पहले बजट के लिए अपनी शुभकामनाएं दी और पेश किए गए बजट की सराहना की। उन्होंने बजट को सर्व समावेशी व शहर को विकास की ओर ले जाने वाला बजट बताया। बजट सत्र के दौरान अन्य विषय के रूप में वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव को सर्व सम्मति से पारित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजपूत ने इस प्रस्ताव को देश हित में लिया जाने वाला फैसला बताया। बजट सत्र में जिलाध्यक्ष राजपूत के साथ मंडल अध्यक्षद्वय सुमीत सिंह भाटिया, प्रशांत गुप्ता गोलू एवं युवा मोर्चा के अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने जिले में जल संरक्षण को गति देने मिशन जल रक्षा के तहत निर्मित संरचनाओं का किया निरीक्षण

### जिले में जल संरक्षण के लिए 1000 इंजेक्शन वेल बनाने की कार्य योजना





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण की दिशा में चल रहे मिशन जल रक्षा एवं मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत विभिन्न ग्रामों में निर्मित एवं निर्माणाधीन जल संरचनाओं और अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित रही। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत बरगा में परकोलेशन टैंक एवं उसमें निर्मित इंजेक्शन वेल का अवलोकन किया। उन्होंने भू-जल संवर्धन के तकनीकी विशेषताओं के संबंध में चर्चा की तथा पास में ही बने बोरवेल रिचार्ज सॉफ्ट सैंड फिल्टर के निर्माण कार्य को भी देखा। उन्होंने जिले में जल संरक्षण के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में डीएमएफ, सीएसआर के सहयोग से 1000 इंजेक्शन वेल लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बोरवेल रिचार्ज साफ्ट सेंटर एक अच्छी तकनीक है, जिसके माध्यम से असफल बोरवेल पर तकनीकी संरचनाओं से पुनर्भरण कर भू-जल स्तर को बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने जल संरक्षण के लिए जिले में नवीन तकनीक को विस्तार देने के निर्देश दिए।कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने ग्राम बरगा में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का निरीक्षण किया तथा महिला स्वच्छता दीदीयों से चर्चा कर उनकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। दीदियों ने बताया कि वह ग्राम पंचायत क्षेत्र में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करती हैं तथा योजना को स्वावलंबी बनाने के लिए घरों से 20 रूपए और दुकानों से 50 रूपए यूजर चार्ज एकत्रित करती हैं। कलेक्टर ने निर्माणाधीन ग्रे वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का भी अवलोकन किया। ग्रे वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से ग्राम पंचायत के नालियों के पानी को शुद्ध कर तालाब में प्रवाहित किया जाएगा। इस तरह की योजना से ग्रामीणों को जलजनित बीमारियों से सुरक्षा मिलेगी और जल स्त्रोत संरक्षित रहेंगे। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जनपद पंचायत डोंगरगांव के ग्राम पंचायत टप्पा स्थित उड़ारबांध टप्पा जलाशय का निरीक्षण किया, जहां वे स्थानीय ग्रामीणों से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने उड़ारबांध टप्पा जलाशय को संभावित पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किए जाने हेतु अनुरोध किया। कलेक्टर ने स्थल के इतिहास एवं स्थानीय महत्व के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की। उन्होंने डोंगरगढ़ जनपद पंचायत के ग्राम गिधवा में निर्मित स्टैगर्ड ट्रेंच एवं पर्कोलेशन टैंक जैसी संरचनाओं को देखकर जिले में अधिक से अधिक जलसंरक्षण कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम गिधवा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों का जायजा लिया और हितग्राहियों से आवास निमर्पाण के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें पहली किश्त मिल चुकी है और वे बारिश से पहले निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु प्रयासरत हैं। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत बनाए जा रहे आवास, जिले में जल संरक्षण की नवीन तकनीक, जल संरक्षण के विभिन्न संरचनाओं, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन इकाई के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर वन विभाग के उपवन मंडल अधिकारी श्री अभिषेक अग्रवाल, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री निलेश रामटेके तथा संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।




कु. सुवर्णा कन्नौजे को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...








सौजन्य से :- नांदगांव टाइम्स परिवार

# सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण अंतर्गत जिले में 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविर आयोजित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण अंतर्गत जिले में 5 मई से 31 मई 2025 तक 68 स्थलों पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। समाधान शिविर स्थलों में आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। आवेदकों को एसएमएस के माध्यम से तथा आवेदनों की पावती के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। समाधान शिविरों में विकासखंड एवं अनुभाग स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे। सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण में राजनांदगांव जिले कुल 1 लाख 27 हजार 659 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें मांग से संबंधित 1 लाख 24 हजार 202 एवं शिकायत से संबंधित 3 हजार 357 है। सुशासन तिहार 2025 के दूसरे चरण में अब तक कुल 84 हजार 129 आवेदनों का निराकरण किया गया है।

नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1, 22, 23, 24 के लिए 5 मई 2025 को कृषि उपज मंडी डोंगरगढ़, जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत अरजकुंड, गुंडरदेही, जोंधरा, कलडबरी, कांपा, करमरी, महरूम, मासुलकसा, रानामटिया, रतनभाट के लिए 5 मई 2025 को ग्राम करमरी, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत मोहारा सिवनीकला, बिजनापुर, चैतुखपरी, मुढिया़, सहसपुर, पुरैना, खुर्सीपार, सेम्हरा, बिल्हरी, खैरा, रूवातला के लिए 5 मई 2025 को ग्राम मोहारा, नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4 के लिए 5 मई 2025 को आंगनबाड़ी केन्द्र सीताबर्डी वार्ड क्रमांक 2, नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14, 24, 25, 26, 27 के लिए 5 मई 2025 को स्टेट स्कूल में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा।

इसी तरह जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत वि नवागांव, टप्पा, तेंदूनाला, तिलईरवार, सांगिरकछार, खम्हेरा, कोहका, ओड़ारबांधा, ढाबा के लिए 6 मई 2025 को विचारपुर नवागांव, जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत भंडारपुर, घोघरे, हालेकोसा, जरहामहका, झिथराटोला लालूटोला, मगरधोखरा, महाराजपुर, नागरकोहरा, पिनकापार, रामपुर, रंगीटोला, शिकारीटोला, कल्लूटोला के लिए 7 मई 2025 को महाराजपुर, जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत उपरवाह, मोहंदी, भदेरानवागांव, सलोनी, भेण्डरवानी, गोपालपुर, बिजेतला, मुरमुंदा, बिरेझर, चारभांठा, मुडपार मि., कलडबरी के लिए 8 मई 2025 को ग्राम उपरवाह, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत ढारा, कन्हारगांव, देवकट्टा, शिवपुरी, सलोनी, रीवागहन, घोटिया, तोतलभर्री, कलकसा, भैंसरा के लिए 8 मई 2025 को ग्राम ढारा, नगर पंचायत लाल बहादुर नगर अंतर्गत 8 मई 2025 को महिला भवन, नगर पंचायत घुमका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 से 5 तक के लिए 8 मई 2025 को आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 3 बाजार चौक, नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत वार्ड क्रमांक 5, 6, 9, 10, 11, 12, 13 के लिए 8 मई 2025 को चिखली स्कूल, नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक 19, 20, 21 के लिए 9 मई 2025 को कृषि उपज मंडी डोंगरगढ़, जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत ग्राम टिपानगढ़, आलीवारा, भकुर्रा, बूचाटोला, दामाबंजारी, घोटिया, जयसिंगटोला, कल्लूबंजारी, कुहीकला, मासुल, मेटेपार के लिए 9 मई 2025 को ग्राम घोटिया, जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत मारगांव, दिवानभेड़ी, गिरगांव, बरगांव, गुगेरीनवागांव, बगदई, जारवाही, कोनारी, आरी, बीजाभांठा, अमलीडीह, बरसनटोलागांव के लिए 9 मई 2025 को ग्राम दिवानभेड़ी, नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15, 16, 17, 18, 19 23 के लिए 10 मई 2025 को ठाकुर प्यारे लाल स्कूल, जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत भर्रेगांव, जंगलेसर, खैरा र, पार्रीकला, सुंदरा, तोरनकट्टा, ईरा, खुटेरी, पार्रीखुर्द, मोखला, आरला, ठेकवा, मनकी के लिए 10 मई 2025 ग्राम भर्रेगांव, जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत टेड़ेसरा, कोपेडीह, अंजोरा, देवादा, मगरलोटा, इंदावानी, ककरेल, ठाकुरटोला, सांकरा, धीरी, सोमनी, ईरा के लिए 12 मई 2025 को ग्राम टेड़ेसरा, जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत सुकुलदैहान, धनगांव, लिटिया, बम्हनी, बागतराई, बरगा, इंदामरा, भानपुरी, बांकल, फरहद, पनेका, रीवागहन के लिए 13 मई 2025 को ग्राम सुकुलदैहान, नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7, 8, 9 के लिए 13 मई 2025 को शासकीय प्राथमिक शाला बधियाटोला, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत मुसराकला, कातलवाही, भानपुरी, आलीवारा, पारागांवकला, पारागांवखुर्द, पेण्ड्री, कसारी, सलटिकरी के लिए 13 मई 2025 को ग्राम मुसराकला, जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत बड़ चारभाठा, खुज्जी, बड़भूम, दर्री, नांदिया, भटगुना, परना, खुर्सीपार, रूदगांव, किरगी, रातापायली के लिए 13 मई 2025 को ग्राम खुर्सीपार, नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत वार्ड क्रमांक 5, 6, 7, 8 के लिए 13 मई 2025 को ग्राम भाटिया गली संतोष साहू घर के पास वार्ड क्रमांक 5 में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत बागद्वार, बैरागीभेड़ी, बेलरगोंदी, बिटाल, गहिराभेड़ी, हैदलकोड़ो, पाण्डेटोला, गैंदाटोला, गर्रापार, जोशीलमती, केशाल, कोलिहालमती के लिए 14 मई 2025 को ग्राम हैदलकोड़ो, नगर पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5 के लिए 14 मई 2025 को प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी सांस्कृतिक भवन डोंगरगांव, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत चारभांठा, मोहनपुर, नारायणगढ़, रामपुर, कनेरी, भगवानटोला, बागनदी, टोटेकसा, कोठिटोला, सीतागोटा के लिए 14 मई 2025 को ग्राम चारभांठा, नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत वार्ड क्रमांक 20, 21, 22, 44, 45 के लिए 14 मई 2025 को कमला कालेज, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत बेलगांव, ठाकुरटोला को, कोलेन्द्रा, नागतराई, घुसेरा, हरसिंधी, अछोली, करवारी, माड़ीतराई, जटकन्हार, पलान्दुर, कुसमी, छीपा, कोलिहापुरी छी के लिए 15 मई 2025 को ग्राम बेलगांव, नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में 15 मई 2025 को पटेल समाज भवन, नगर पंचायत घुमका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 से 11 तक के लिए 15 मई 2025 को आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 6 भॉठापारा, नगर पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6, 7, 8, 9, 10 के लिए 15 मई 2025 को सतनाम भवन जैतखाम के पास सेवताटोला डोंगरगांव, नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक 2, 3 के लिए 15 मई 2025 को लोधी भवन खैरागढ़ रोड डोंगरगढ़, जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत डुमरडीहकला, धौराभाठा, डोम्हाटोला, रेंगाकठेरा, सिंगपुर, खपरीकला, डीलापहरी, धर्मापुर, खपरीखुर्द, बासुला के लिए 16 मई 2025 को ग्राम डुमरडीहकला, जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत आसरा, माथलडबरी, कोकपुर, बम्हनीभांठा, जंतर, कोहका मो., मोहड़, मनेरी, चिद्दो के लिए 16 मई 2025 को कोकपुर, नगर पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11, 12, 13, 14, 15 के लिए 16 मई को साकेतधाम परिषद डोंगरगांव में, नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत वार्ड नंबर 1, 2, 3, 4, 7, 8 के लिए 16 मई को मोतीपुर स्कूल में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत 17 मई 2025 को ग्राम भर्रीटोला ब, घोरतलाब, खोभा, पाटेकोहरा, पेंड्रीडीह, रानीतालाब, सड़क चिरचारी, तेलिनबांधा के लिए ग्राम खोभा में समाधान शिविर आयोजित की जाएगी। नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत 19 मई 2025 को वार्ड नंबर 4, 5, 6 के लिए आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन इंदिरा नगर डोंगरगढ़ में, जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत 19 मई को आमगांव छु, बम्हनीचारभाठा, भकुर्रा, बूचाटोला, दामाबंजारी, गेरूघाट, घोटिया, जयसिंगटोला, कल्लूबंजारी, केशोटोला, कुहीकला, लाममेटा, मासुल, मेटेपार, टिपानगढ़ के लिए ग्राम घुपसाल कु. में, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत 19 मई 2025 को बोरतलाव, पीपरखारकला, बुरहानछापर, बरनाराकला, चिद्दो, अण्डी, चौथना, बछेराभाठा के लिए ग्राम बोरतलाव में, नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत 19 मई 2025 को वार्ड नंबर 28, 29, 30, 31,32 के लिए लखोली स्कूल सीडीएस में, जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत 20 मई 2025 को फुलझर, बघेरा, जराही, परसबोड, मुढ़ीपार, मनगटा, जोरातराई म., अचा. भाठापारा, परमालकसा, बैगाटोला के लिए ग्राम फुलझर में, जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत 20 मई को रामपुर, अर्जुनी, बुद्धूभरदा, बनहरदी, किरगी ब, सिंगारपुर, केसला, धौराभांठा, सालिकझिटिया, घोरदा, बनभेड़ी, सुखरी के लिए ग्राम अर्जुनी में, जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत 21 मई को आयबांधा, बडग़ांव, बननवागांव, बरबसपुर, चिखलाकसा, गिदर्री, गोडलवाही, पांगरीखुर्द, परेवाडीह, सीताकसा उ, तुर्रेगढ़, साल्हे, उमरवाही के लिए ग्राम उमरवाही में, नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत 21 मई को वार्ड क्रमांक 8, 9, 10 के लिए यात्री प्रतिक्षालय नया बस स्टैण्ड वार्ड क्रमांक 9 में समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत 22 मई को वार्ड क्रमांक 13, 14, 15 के लिए शासकीय प्राथमिक शाला बुधवारी पारा डोंगरगढ़ में, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत 22 मई को मुरमुंदा, रेंगाकठेरा, मुंदगांव, डुण्डेरा, खलारी, मुडपार, रांका, कुर्रूभाठ, पिपरिया, भण्डारपुर, गाजमर्रा, जामरी के लिए ग्राम मुरमुंदा में, नगर पंचायत लाल बहादुर नगर अंतर्गत 22 मई को बहुउद्देशीय भवन में, नग पंचायत घुमका अंतर्गत 22 मई को वार्ड नंबर 12 से 15 तक के लिए रानी अवंतीबाई स्कूल भवन में, नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत 22 मई को वार्ड क्रमांक 33, 34, 35, 36 के लिए लखोली बैगापारा स्कूल में, जनपद पंचायत राजनांदगांव 23 मई को तिलई, पदुमतरा, खैरझीटी, कांकेतरा, जोरातराई ब, भेडीकला, बोरी, गठुला, भाठागांव, बोईरडीह, महरूमखुर्द, डुमरडीहखुर्द के लिए ग्राम पदुमतरा में, जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत 23 मई को बोदेला, तुमड़ीबोड़, कोपेडीह, आरगांव, खपरीकला, बांकल, हरदी, कन्हारडबरी, नाथूनवागांव, मचानपार, दिवानझिटिया, पेण्डरवानी के लिए ग्राम तुमड़ीबोड़ में, जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत 23 मई को भोलापुर, घुपसाल छु, धरमुटोला, फाफमार, मातेखेड़ा, पठानढोडगी, साल्हेटोला, सीताकसा गै., पुर्रामटोला, शिकारीमाहका, बोईरडीह के लिए ग्राम भोलापुर में, जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत 26 मई को बेंदाड़ी, भर्रीटोला अ, गोपालपुर, जैतगुडरा, झाडीखैरा, जोब, मरकाकसा, नांदियाखुर्द, पंडरापानी के लिए ग्राम बेंदाड़ी में, नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत 26 मई को वार्ड नंबर 16, 17, 18 के लिए बाल मंदिर डोंगरगढ़ में, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत 26 मई को उरईडबरी, अमलीडीह, टप्पा, कोलिहापुरी नया, मेढ़ा, पटपर, पिनकापार, झण्डातालाब, मोतीपुर, धनडोंगरी, भोथली, रामाटोला, मक्काटोला के लिए ग्राम उरईडबरी में, जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत 26 मई को कु.भाठागांव, सोनेसरार, करमतरा, मरेठानवागांव, संबलपुर, छुईखदान, मोखली, रूपाकाठी, च.टोलागांव, कोटरासरार, जंगलपुर के लिए ग्राम करमतरा में, नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत 26 मई को वार्ड क्रमांक 11, 12, 13 के लिए कलामंच वार्ड क्रमांक 12 में, नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत 26 मई को वार्ड क्रमांक 37, 38, 39, 40, 48 के लिए दिग्विजय कॉलेज में समाधान शिविर आयोजित की जाएगी।

जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत 27 मई को पटेवा, अउरदा, इरईखुर्द, खजरी, इरईकला, गिधवा, हरडुवा, मासूल, बरबसपुर, चवंरढाल के लिए ग्राम पटेवा में, जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत 28 मई को अछोली, खुर्सीटिकुल, आतरगांव, बादराटोला, खुर्सीपार, चिरचारीकला, चिरचारीखुर्द, केरेगांव, लक्ष्मणभरदा, मुंजालपाथरी, पदगुड़ा, सोमाझिटिया के लिए ग्राम आंतरगांव में, जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत 29 मई को भैसातरा, सहसपुरदल्ली, अमलीडीह, बोटेपार, बहेराभाठा, जूरलाखुर्द, नागलदाह, कलेवा, बाटगांव, खैरा ब के लिए ग्राम सहसपुरदल्ली में, नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत 29 मई को वार्ड क्रमांक 41, 42, 43, 46 के लिए बल्देवप्रसाद मिश्र स्कूल बसंतपुर में, नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत 30 मई को वार्ड क्रमांक 10, 11, 12 के लिए नगर पालिका कार्यालय भवन डोंगरगढ़ में, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत 30 मई को मडियान, बागरेकसा, कारूटोला, पीटेपानी, कोटनापानी, खूबाटोला, ठाकुरटोला से, बिच्छीटोला, सेंदरी, कल्याणपुर के लिए ग्राम मडियान में, नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत 30 मई को वार्ड क्रमांक 14, 15 के लिए सामुदायिक भवन खुटा छुरिया वार्ड क्रमांक 14 में, जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत 31 मई को ग्राम सिंघोला, मुडपार म, कोटराभाठा, महराजपुर, धामनसरा, भोथीपारखुर्द, रानीतराई, उसरीबोर्ड, भवंरमरा, ढोडिया, सुरगी, कुम्हालोरी के लिए ग्राम सिंघोला तथा नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत 31 मई को वार्ड क्रमांक 47, 49, 50, 51 के लिए डब्ल्यूटीपी मोहारा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया है।

## भगवान श्री चित्रगुप्त जी का प्राकट्योत्सव आज

**सालिक झिटिया वाले मानस परिवार द्वारा दी जाएगी संगीतमय रामायण कथा की भव्य प्रस्तुति**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कायस्थ समाज के आराध्य भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज जी का प्राकट्योत्सव कल 04 मई, रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कायस्थ समाज के सचिव राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि धार्मिक मान्यतानुसार बैसाख शुक्ल पक्ष गंगा सप्तमी के दिन कायस्थ कुल के आराध्य देव श्री चित्रगुप्त महाराज जी का अवतरण हुआ था, अत: प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी स्थानीय जमात पारा स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में प्राकट्योत्सव हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाएगा द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम के महापौर श्री मधुसूदन यादव, विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत, सम्माननीय अतिथिगण क्रमश: छग ओलंपिक एसोसिशन के उपाध्यक्ष श्री रमेश श्रीवास्तव, दिग्विजय कालेज जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री अतुल रायजादा, पार्षद श्रीमती अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, वार्ड पार्षद श्री सैंकी बग्गा होंगे द्य इस अवसर पर सर्वप्रथम अपराह्न 04 बजे से श्रीराम कृपा मानस परिवार सालिक झिटिया ( डोंगरगांव ) द्वारा सुमधुर संगीतमय रामायण कथा की प्रस्तुति दी जाएगी द्य तत्पश्चात संध्याकाल मेंं 7:30 बजे महाआरती तत्पश्चात कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी चित्रांशजनों को भोग एवं महा प्रसादी का वितरण किया जाएगा। कायस्थ समाज के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने समस्त चित्रांशजनों से अपील की है कि प्राकट्योत्सव पर आयोजित होने वाले इस विशेष कार्यक्रम में सपरिवार पधारकर भोग एवं महाप्रसादी ग्रहण कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।



## पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालयों के चयन हेतु रूचि की अभिव्यक्ति के तहत प्रस्ताव 6 मई तक आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव।** पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 के उत्कृष्ट विद्यालयों के चयन हेतु रूचि की अभिव्यक्ति के तहत प्रस्ताव 6 मई 2025 तक आवेदन आमंत्रित की गई है। संस्थाओं के चयन के लिए सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त व संबत्र संस्थाएं ही पात्र होंगे।

**शुभांक**


**1-5-9**

**127-0 569-0**

# शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के रसायन शास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. डाकेश्वर कुमार वर्मा को नये उपकरण डिजाइन में मिला पेटेंट

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाव के प्राचार्य डॉ सुचित्रा गुप्ता के नेतृत्व में रसायन शास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. डाकेश्वर कुमार वर्मा ने एक और डिज़ाइन पेटेंट पब्लिश किया है, जिसका शीर्षक प्राकृतिक कार्बनिक यौगिक के सेमी-सिंथेटिक व्युत्पन्न विकसित करने के लिए उपकरण है 7 इस डिज़ाइन पेटेंट में रासायनिक और मेडिसिन अनुसंधान में उपयोग के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया एक नया उपकरण शामिल है। यह उपकरण प्राकृतिक स्रोतों से उत्पन्न होने वाले यौगिकों के संशोधन और संश्लेषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे शोधकर्ताओं को चिकित्सा, कृषि और भौतिक विज्ञान में संभावित अनुप्रयोगों के लिए सेमी-सिंथेटिक व्युत्पन्न बनाने की विधि मिलती है 7 इस पेटेंट किए गए उपकरण का प्राथमिक अनुप्रयोग प्रयोगशाला या अनुसंधान वातावरण में इसके कार्य में निहित है जहाँ प्राकृतिक कार्बनिक यौगिकों को रासायनिक रूप से बदला जाता है। प्राकृतिक कार्बनिक यौगिक - जैसे कि एल्कलॉइड, टेरपेनोइड और फेनोलिक्स - अक्सर पौधों, कवक या सूक्ष्मजीवों से निकाले जाते हैं। इन यौगिकों में जैव-सक्रियताओं की एक विस्तृत श्रृंखला होती है, लेकिन उनके चिकित्सीय गुणों को बढ़ाने, विषाक्तता को कम करने, या घुलनशीलता और स्थिरता में सुधार करने के लिए संरचनात्मक संशोधन की आवश्यकता हो सकती है। डिवाइस को विशेष रूप से ऐसे संशोधनों का समर्थन करने, नियंत्रित प्रतिक्रियाओं को सक्षम करने और अर्ध-सिंथेटिक यौगिक विकास की पुनरुत्पादकता सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका संरचनात्मक डिज़ाइन विभिन्न रासायनिक प्रक्रियाओं जैसे निष्कर्षण, शुद्धिकरण, व्युत्पन्नकरण और क्रिस्टलीकरण को समायोजित करता है। इसके अतिरिक्त, डिवाइस संभावित रूप से तापमान विनियमन, विलायक प्रवाह प्रबंधन और प्रतिक्रिया निगरानी तंत्र को एकीकृत कर सकता है। इस डिज़ाइन की नवीनता इसके अनूठे आकार और विन्यास में निहित है, जो कार्यात्मक दक्षता और प्रक्रिया अनुकूलन के लिए तैयार किए गए हैं। सामान्य प्रयोगशाला उपकरणों के विपरीत, यह डिवाइस एक अभिनव संरचना प्रदर्शित करता है जो एकल, एकीकृत प्लेटफ़ॉर्म में अर्ध-सिंथेटिक विकास के कई चरणों का समर्थन करता है। यह संरचनात्मक एकीकरण वर्कफ़्लो को बढ़ाता है, मैन्युअल हस्तक्षेप की आवश्यकता को कम करता है, और संदूषण जोखिमों को कम करता है, जो संवेदनशील रासायनिक संश्लेषण में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। डिवाइस का सचित्र विन्यास सावधानीपूर्वक एर्गोनोमिक और परिचालन विचारों का सुझाव देता है। उदाहरण के लिए, डिवाइस में विशिष्ट वक्र, कक्ष और कनेक्टर को रासायनिक प्रवाह, मिश्रण दक्षता या गर्मी वितरण को अनुकूलित करने के लिए आकार दिया जा सकता है। ऐसी भौतिक विशेषताएँ केवल सौंदर्यपूर्ण नहीं हैं; वे डिवाइस के भीतर की जाने वाली रासायनिक प्रतिक्रियाओं की प्रभावशीलता में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। इसके अलावा, समग्र कॉम्पैक्ट और मॉड्यूलर डिज़ाइन संशोधित किए जा रहे प्राकृतिक यौगिक के प्रकार के आधार पर अनुकूलन की अनुमति दे सकता है। आकार में विशिष्ट तत्व शामिल हो सकते हैं जैसे कि विशिष्ट रूप से डिज़ाइन किए गए इनलेट, आउटलेट या प्रतिक्रिया वाहिकाएँ, जो इसे क्षेत्र में अन्य ज्ञात उपकरणों से अलग करती हैं। डिज़ाइन में विवरण का यह स्तर न केवल कार्यात्मक श्रेष्ठता सुनिश्चित करता है बल्कि डिवाइस की मौलिकता को भी सुरक्षित करता है। डिज़ाइन पेटेंट द्वारा दी गई सुरक्षा इस बात पर जोर देती है कि पूर्व कला में कोई समान या काफी हद तक समान कॉन्फ़िगरेशन मौजूद नहीं है, विशेष रूप से इस संदर्भ में कि डिवाइस के आकार और घटकों को कैसे व्यवस्थित किया जाता है और कैसे परस्पर क्रिया की जाती है। संक्षेप में, पेटेंट प्राप्त च्प्राकृतिक कार्बनिक यौगिक के अर्ध-सिंथेटिक व्युत्पन्न विकसित करने के लिए उपकरणज्ज् एक नया और आविष्कारशील विन्यास प्रस्तुत करता है जो संशोधित प्राकृतिक यौगिकों के सटीक और कुशल विकास में सहायता करता है। इसकी मौलिकता संरचनात्मक डिजाइन में सन्निहित है, जो कार्यात्मक रूप से महत्वपूर्ण और दृष्टिगत रूप से विशिष्ट दोनों है, जो इसे दवा और जैव रासायनिक अनुसंधान की उन्नति में एक मूल्यवान उपकरण बनाता है। इस उपलब्धि के लिए रजिस्ट्रार श्री दीपक परगनिहा एवं समस्त प्राध्यापकों ने डॉ वर्मा को बधाई एवं शुभकामनाये दी है।





## आज सोचने के लिए बैठे है पानी को कैसे बचाए : फूलबासन यादव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज सोचने के लिए बैठे है पानी को कैसे बचाए, आज पानी नीचे की ओर जा रहा है, बोर काम नहीं कर रहा है उक्त बाते हरियाली बाहिनी नीर और नारी जल यात्रा ग्राम gatapar, धर्मापुर के कार्यक्रम में पद्मश्री फूलबासन यादव ने कही उन्होंने आगे बताया हम कैसे पानी को बचाना है, आज चिंतन करने के लिए कार्यक्रम हो रहा है , घर से गली में बहते पानी को रोकने सोखता गड्ढा बनाने की आवश्यकता है,गांव में छोटे बड़े नाले है, उसे नाला बंधान करके पानी को रोककर सिंचाई के साथ जल संचय कर सकते, आज अधिकाश गांवों में पंचायत के माध्यम से टैंकर एवं बोर से पानी दिया जा रहा है, वही बोर से पाइप से घर घर तक पहुंचाने में असफल होते दिख रहा है, उसका प्रमुख कारण जहां बोर से लगे किसान पानी मिलने से वे अपनी रोज़ लगने वाली पानी के अलावा अपने बाड़ी में साग सब्जी लगाने से दूसरे को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता, साथ ही लोग पानी से सभी कार्य करने के चलते वाटर लेवल कम हो रहा है हमें तालाब के पानी से नहाने, कपड़ा धोने से पानी की बचत हो सकता है, कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य ह्यद्रह्व शीला सिन्हा हरियाली बाहिनी अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन, सरपंच मार्कण्डेय ने भी संबोधित करते हुए जल के लिए सोखता गड्ढा, डबरी, नाला बंधान करने के अलावा फलदार पौधा लगाए ताकि बरसात के पानी का संरक्षण एवं संवर्धन कर सकें इस दौरान बिहान के बीपीएम सुशील श्रीवास्तव, बिहान समूह, कैडर, ग्राम पंचायत पदाधिकारी, मां बमलेश्वरी समूह एवं ग्रामवासीगण उपस्थित रहे।




## ग्राम आमाकट्टा में स्वच्छता तिहार,नाला में बोरी बंधान तथा जल संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**डोंगरगांव( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत मासूलकसा के आश्रित ग्राम आमाकट्टा में जल संवर्धन के तहत नाला में बोरी बंधान, जल संगोष्ठी एवं स्वच्छता तिहार का आयोजन किया गया ।ग्रामीणों के साथ ब्लॉक स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों द्वारा अभियान चलाकर ग्राम की सभी सार्वजनिक स्थलों, तालाबों की श्रमदान से साफ सफाई किया गया ।गांव में बहने वाली बरसाती नाले में ग्रामीणों ने श्रमदान करके बोरी बंधान किया गया । बारिश के पानी के एक एक बूंद को सहेजने, भू-गर्भ जलस्तर को सुधारने जल सरक्षण हेतु प्रभावी पहल किया गया ।ग्रामीणों एवं महिला समूह के महिलाओं द्वारा स्वच्छता रैली निकली गई ।नाला बंधान के बाद जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



# भारतीय ज्ञान प्रणाली : भारत को विश्वगुरु बनाने की मूल आधारशिला : डॉ. राजेश पांडे

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगाँव में दिनांक 30 अप्रैल 2025 को मानव संसाधन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित तथा स्वशासी प्रकोष्ठ द्वारा प्रायोजित सात दिवसीय कार्यशाला के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय ज्ञान प्रणाली एवं शिक्षण पद्धति विषय पर एक विशेष व्याख्यान डॉ. राजेश पांडे, अपर निदेशक , उच्च शिक्षा, दुर्ग संभाग, द्वारा प्रस्तुत किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि भारत प्राचीन काल से ही ज्ञान का केंद्र रहा है, परंतु आधुनिकता के प्रभाव के कारण हम अपनी मूल भारतीय ज्ञान परंपराओं को अपनाने से विमुख हो रहे हैं। आज की सबसे बड़ी चुनौती यानी हमारी सांस्कृतिक और बौद्धिक जड़ों से कटाव है। उन्होंने कहा कि कोई भी विकास तभी स्थायी और सार्थक हो सकता है, जब वह अपनी जड़ों से जुड़ा हो ।डॉ. राजेश पांडे ने अपने व्याख्यान में भारतीय ज्ञान प्रणाली की वैज्ञानिक गहराई को सहज एवं प्रभावशाली भाषा में प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि भारतीय ज्ञान प्रणाली केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि वह वैज्ञानिक और बौद्धिक दृष्टिकोण है, जो शिक्षा को जीवन के वास्तविक अनुभवों से जोड़ती है ।प्राचीन भारत में खगोलशास्त्र और गणित का गहरा अध्ययन होता था ।भारतीय ऋषियों की खगोलीय गणनाएँ कितनी सटीक और वैज्ञानिक रही हैं, जहाँ 108 केवल एक संख्या नहीं, बल्कि ब्रह्मांडीय संतुलन का प्रतीक है। समारोह में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक श्री हीरेन्द्र ठाकुर द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन मानव संसाधन प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. प्रीतिबाला टांक द्वारा प्रस्तुत किया गया। अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।





**कार्यालय सहायक संचालक उद्यान जिला-मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी (छ.ग.)**

मकान नं-09, वार्डनं-01, मोडला, पिन कोड-401668

Email ID. adhmohla@gmail.com, adhmmac29@gmail.com.

कं/उद्यान/तक./नीलामी/2025-26/117 मोहला दिनांक 02.05.2025

// नीलामी सूचना//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है जिला-मोहला मानपुर-अं.चौकी में उद्यान विभाग के अंतर्गत स्थापित रोपणियों में रोपित आम फल बगीचे का फलबहार भीलामी किया जाना है। इच्छुक बोली कर्ता निम्नांकित रोपणियों में निर्धारित तिथि एवं समय में पहुंचकर शर्तो के अनुसार नीलामी में भाग ले सकते हैं।

**आम फलबहार निलामी वर्ष 2025-20 की नीलामी का विवरण -**

| क्रं. | नीलामी दिनांक | नीलामी स्थल | शासकीय बोली रू.में | नीलामी का समय | जिला - मुख्यालय से रोपणी की दूरी किमी. में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 08.05.2025 | शा.उ.रोपणी दोरबा-मानपुर | 11000.00 | 11.00 AM | 25 KM |
| 2 | 08.05.2025 | शा.उ.रोपणी केकतीटोला-अं.चौकी | 15000.00 | 3.00 PM | 30 KM |

1. शासकीय बोली के पूर्व प्रत्येक बोली कर्ता को अपने पहचान हेतु आधार कार्ड व मतदाता परिचय पत्र के साथ 5000.00 अमानत राशि के रूप में जमा करना होगा।
2. शासकीय बोली के ऊपर से निलामी बोली प्रारंभ होगी।
3. निलामी के पश्चात अंतिम बोली कर्ता को नीलामी की राशि का 50 प्रतिशत राशि जम करन अनिवार्य होगा।
4. नीलामी के पश्चात फलों के देख-रेख एवं रख-रखाव की जिम्मेदारी नीलामी केता की होगी।
5. प्राकृतिक विपदा एवं अन्य कारण से फलबहार को होने वाले नुकसान के लिए विभाग की कोई जवाबदारी नहीं होगी।
6. आम फलबहार की पहली तुड़ाई के पूर्व शेष नीलामी की राशि जमा करना अनिवार्य होगा।
7. कार्यालयीन समय में नीलामी तिथि के पूर्व बगीचे का अवलोकन कर सकते हैं।
8. नीलामी से संबंधित अंतिम निर्णय सहायक संचालक उद्यान जिला-मो.मा.अ.चौकी की होगी। 02 प्रतिशत फलवृक्ष विभागीय कार्य हेतु आरक्षित रखा जायेगा।
2. अंतिम बोलीकर्ता द्वारा नियमों का उल्लंघन करने पर द्वितीय बोलीकर्ता को आम फलबहार निलामी दे दी जावेगी ।
10. अन्य शर्तो नीलामी सूचना उद्यान अधीक्षकों द्वारा चस्पा किये सूचना एवं संचालनालय के माढर्न नीलामी शर्तो अनुसार ही जावेगी।

जी - 252600643/3

**सहायक तपालक उद्यान**
**जिला-मोहला-मानपुर-अं. चौकी (छ.ग.)**

## ज्ञान मंथन

*1) जूडो में शिडो शब्द का प्रयोग किसलिए किया जाता है?*
*2) इंग्लैंड का बॉन्ड स्ट्रीट किस लिए मशहूर है?*
*3) किसके द्वारा रचित नागानंद, एक संस्कृत नाटक है, जिसमें नागों को बचाने के लिए विद्याधर राजा जिमुतवाहन के आत्म-बलिदान की लोकप्रिय गाथा का वर्णन है?*
*4) सर चार्ल्स विल्किन्स किस अनुवाद के लिए प्रसिद्ध है?*
*5) मोहिनीअट्टम की जननी किसके जीवन पर आधारित एक डॉक्यू-फिक्शन है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) मामूली जुर्माना (2) ज्वेलरी और टेलरिंग (3) हर्षवर्धन (4) भगवद् गीता (5) कलामंडलम कल्याणीकुट्टी अम्मा

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की सहज आत्मीयता ने पंडरिया विधानसभा के ग्राम दामापुर में जीता लोगों का दिल

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 11 कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ में शामिल हुए, डोम निर्माण के लिए 30 लाख रुपए की घोषणा किया







**कवर्धा।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा का सरल, सुलभ और आत्मीय स्वभाव एक बार फिर लोगों के दिलों को छू गया। आज कबीरधाम जिले के पंडरिया विधानसभा के ग्राम दामापुर अतरीया के दौरे पर पहुंचे। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा साहू समाज द्वारा आयोजित 11 कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ में शामिल हुए। उन्होंने श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया और प्रदेश के सुख समृद्धि की कामना की । उन्होंने साहू समाज की मांग पर डोम निर्माण के लिए 30 लाख रुपए की घोषणा किया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आम ग्रामीणों के बीच जाकर उनसे आत्मीय बातचीत की। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जैसे ऊंचे पद पर होने के बावजूद उनका जमीन से जुड़ा व्यक्तित्व उन्हें जनता के और करीब लाता है। दामापुर पहुंचते ही उन्होंने न केवल ग्रामीणों का हालचाल जाना, बल्कि एक स्थानीय होटल में जाकर उनके साथ चाय-नाश्ते का भी आनंद लिया। उनके इस व्यवहार ने ग्रामीणों को यह अहसास कराया कि वे केवल जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि अपनेपन से भरे एक सच्चे जनसेवक हैं। उप मुख्यमंत्री की यह सादगी और आत्मीयता ने वहां मौजूद लोगों को गहराई से प्रभावित किया। लोग उनसे खुलकर मिले और आत्मीयता के इस स्वभाव को सराहा। ग्रामीणों ने भी इस मुलाकात को अपने जीवन का एक विशेष क्षण बताया। उन्होंने बताया कि उप मुख्यमंत्री का यह व्यवहार उन्हें अपना परिवार का सदस्य महसूस कराता है। केवल अपनी विधानसभा ही नहीं, बल्कि जहां भी वे जाते हैं, वहां की जनता से वे उतनी ही आत्मीयता से मिलते हैं, जिससे लोगों का विश्वास और समर्थन लगातार उनके प्रति बना रहता है। किसी उप मुख्यमंत्री का बिना औपचारिकता के आम लोगों के बीच बैठना, उनके साथ बात करना और भोजन साझा करना आज के दौर में एक दुर्लभ दृश्य है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा के इस आत्मीय व्यवहार ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि वे न केवल अपने विधानसभा क्षेत्र में, बल्कि जहां भी जाते हैं, लोगों के दिलों में भरोसे और अपनत्व की भावना छोड़ जाते हैं। उनकी लोकप्रियता का आधार सिर्फ विकास कार्य ही नहीं, बल्कि जन-जन से उनका सजीव संवाद और जुड़ाव भी है।

## सुशासन तिहार के कार्यों में लापरवाही बरतने पर की गई कार्रवाई

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने सीईओ जनपद पंचायत छुरिया से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम पंचायत अरजकुंड के सचिव श्री भुवाल सिंह उईके तथा सीईओ जनपद पंचायत डोंगरगांव से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम पंचायत सांगिनकछार के सचिव श्री नरेन्द्र कुमार वर्मा को सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण कार्य में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्रतिवेदन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत अरजकुंड के सचिव श्री भुवाल सिंह उईके द्वारा सुशासन तिहार अंतर्गत प्रथम चरण में ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदनों का निराकरण नहीं किया जा रहा था। इस संबंध में सीईओ जनपद पंचायत छुरिया द्वारा सचिव श्री भुवाल सिंह उईके को बार-बार निर्देश दिया गया, लेकिन सचिव द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही थी। साथ ही जनपद पंचायत के समीक्षा बैठक में भी बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए थे। इस तरह ग्राम पंचायत सांगिनकछार के सचिव श्री नरेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा सुशासन तिहार के आवेदनों का निराकरण में लापरवाही बरतने एवं बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने सुशासन तिहार के कार्य मे लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के कारण जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बोदेला के सचिव श्री कृष्ण कुमार साहू, सहायक विकास विस्तार अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ सुश्री गायत्री डेकाटे एवं सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ श्री सी. कुजूर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## नीट-यूजी परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय में बनाए गए 5 परीक्षा केन्द्र

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी नई दिल्ली द्वारा रविवार 4 मई 2025 को अपरान्ह 2 बजे से शाम 5 बजे तक नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट-अंडरग्रेजुएट (नीट-यूजी) परीक्षा का आयोजन किया गया है। परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय राजनांदगांव में 5 परीक्षा केन्द्र बनाएं गए है। जिसमें केन्द्रीय विद्यालय, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, स्वामी आत्मानंद सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय एवं शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में नीट (यूजी) परीक्षा का आयोजन होगा। परीक्षा के संबंध में किसी भी परीक्षार्थी व अभिभावक को किसी भी माध्यम से किसी भी प्रकार का प्रलोभन देने के संबंध में सूचना या शिकायत देने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मोबाईल नंबर 9827903956 एवं डिप्टी कलेक्टर श्री अभिषेक तिवारी के मोबाईल नंबर 8451887770 पर तत्काल संपर्क कर शिकायत व सूचना दी जा सकती है।

## आतरगांव में तहसीलदार आकांक्षा साहू ने जेसीबी और हाइवा को अवैध मुरम उत्खनन करते हुए जप्त किया

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगांव और खुज्जी क्षेत्र में लगातार अवैध मुरम उत्खनन की खबर प्रकाशन के बाद कुमरदा तहसीलदार आकांक्षा साहू ने कलेक्टर के निर्देशन में कार्यवाही करते हुए छूरिया विकासखंड के अंतर्गत ग्राम आतरगांव में अवैध मुरम उत्खनन करते हुए राजस्व विभाग की टीम ने एक जेसीबी और एक हाइवा को जप्त की कार्यवाही की गई है कार्यवाही के बाद अवैध मुरम उत्खनन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है इन दिनों डोंगरगांव और खुज्जी क्षेत्र में मुरम उत्खनन करने वाले ने गांव गांव पहुंच कर भोलेभाले



किसानों को बहला फुसलाकर खेत बनाने के नाम पर अवैध मुरम उत्खनन कर शासन प्रशासन को लाखों का चूना लगा रहे है खनिज विभाग राजस्व विभाग के बिना परमिशन बिना रॉयल्टी के पूरे श्रेत्र में लंबे समय से रेत मुरम और लाल ईट भट्टे धड़ल्ले से चला रहे हैं क्षेत्र में लंबे समय खनिज दोहन हो रहे हैं जिनमें कुछ जनप्रतिनिधि द्वारा संलिप्त होकर खनिज माफ्यिाओं को खुला संरक्षण दे रहे हैं कार्यवाही के दौरान चालक देवेश पटेल निवासी ग्राम चारभाटा कु,जेसीबी मशीन क्रमांक सीजी 08 बीसी 6575 और हाइवा वाहन चालक रोहित कुमार निवासी तेलीटोला अम्बागढ़ चौकी,सीजी 08 बीडी 6924 हाइवा वाहन के स्वामी घना राम साहू निवासी तेलीटोला बांधाबाजार अम्बागढ़ चौकी के विरुद्ध अवैध मुरम उत्खनन करते हुए जप्त कर खनिज विभाग के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना डोंगरगांव के सुपुर्द किया गया है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत छुटे हुए पात्र हितग्राहियों का 15 मई तक किया जाएगा सर्वेक्षण

**राजनांदगांव।** भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्राम विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन में वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक वृद्धि किये जाने का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत प्रदेश स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस सूची में छुटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों को लाभांवित करने हेतु इनकी पहचान के लिए सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा 30 अप्रैल 2025 तक सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए थे, जिसे 15 मई 2025 तक वृद्धि की गई है। प्रगणकों द्वारा आवास प्लस 2.0 मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत सर्वेक्षण में छूटे हुए पात्र हितग्राही ग्राम पंचायतों के प्रगणकों से संपर्क कर 15 मई 2025 तक अपना नाम सर्वे में शामिल करा सकते है। जिले में सेल्फ सर्वे द्वारा 12265 एवं प्रगणक द्वारा 69047 कुल 81312 परिवारों का सर्वे किया जा चुका है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वेक्षण से छूटे हुए पात्र हितग्राही आवास प्लस 2.0 मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से स्वयं भी अपना सर्वेक्षण कर सकते है। इसके लिए स्मार्ट फोन के माध्यम से प्लेस्टोर में जाकर चेहरा प्रमाणीकरण सहित आवास प्लस के अपडेट लेटेस्ट वर्जन 2.0 के वेबसाईट एवं आधार फेस आरडी (प्ले स्टोर) अपलोड कर सकते है।

## जल संकटग्रस्त ग्रामों में मिशन जलरक्षा अंतर्गत जल संरक्षण के प्रयासों का दिख रहा कारगर असर



**राजनांदगांव।** जिला प्रशासन द्वारा जिले में लगातार घटते भू-जल स्तर को बढ़ाने तथा जनभागीदारी के माध्यम से धरती के इस अमूल्य संपदा को संरक्षित करने बहुआयामी प्रयास किये जा रहे है। जिसमें सभी शासकीय विभागों के अलावा गैर शासकीय संगठन एवं जनप्रतिनिधि तथा कृषि एवं पंचायत विभाग के मैदानी अमलों द्वारा प्रभावी भूमिका निभाई जा रही है। जिले में कृषकों द्वारा जल का बहुतायत उपयोग फसलों की सिंचाई के रूप में किया जाता है। जिसके लिए कृषकों द्वारा नलकूपों से सिंचाई का रास्ता अपनाया जा रहा है। जिससे भू-जल में लगातार गिरावट आ रही है। साथ ही कृषकों का एक बड़ा वर्ग वर्षा पर आधारित खेती कर रहा है, जिले में लगातार बढ़ते जल संकट को दूर करने तथा फसलों में सिंचाई के साथ भूमिगत जल के स्तर को बढ़ाने जिला पंचायत द्वारा कृषि विभाग के माध्यम से जल स्त्रोतों विहीन ग्रामों में नालों का चयन कर वर्षा के बहते जल को रोक कर सतही सिंचाई को प्रोत्साहित करने जल संरक्षण संरचनाओं जैसे चेकडेम एवं स्टॉप डेम का निर्माण कराया जा रहा है।जल सरंक्षण के इन्ही उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 में मनरेगा अभिसरण अंतर्गत राशि 327 लाख की लागत के माध्यम से 15 ग्रामों में चेकडेम का निर्माण कराया गया। जिससे 710 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र में सिंचाई रकबें में वृद्धि के साथ 562 कृषकों द्वारा न केवल खरीफ में धान बल्कि रबी फसलों के रूप में चना, गेंहू एवं मक्का की खेती किया जा रहा है। इसी प्रकार वर्ष 2024-25 में मनरेगा अभिसरण अंतर्गत राशि 255 लाख रूपए लागत से 12 जल स्त्रोत विहिन ग्रामों का चिन्हाकन कर ग्रामीणों व कृषकों की मदद से ज्यादा जल भराव वाले क्षेत्रों में पक्का चेकडेम का निर्माण कराया गया है। जिससे 362 हेक्टेयर कृषि रकबे में सिंचाई क्षमता में वृद्धि के साथ 314 कृषकों द्वारा चना, गेहूं व सब्जी फसलों की खेती कर नालों में संरक्षित जल का उपयोग किया जा रहा है। जल संकटग्रस्त ग्रामों में चेकडेम, स्टॉपडेम निर्माण होने से इस वर्ष 14580 हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं, 3362 हेक्टेयर क्षेत्र में मक्का व 36678 हेक्टेयर क्षेत्र में चना फसल की खेती के साथ अन्य दलहन, तिलहन फसलों का रकबा भी बढ़ा है।



ग्रामों में जल संरक्षण की कार्य योजना तैयार करने के लिए 3 चरण अपनाये गये, जिसमें पहला चरण बहते हुए जल की गति को धीमा करना, दूसरा चरण बहते पानी को रोकना तथा तीसरे चरण में रूके हुए पानी का भूमि के भीतर स्त्रावक के माध्यम से ग्राऊंड वाटर रिचार्ज करना जैसे प्रयासों को शामिल किया गया है। जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण से वर्षा जल के बहाव की गति धीमी होकर संरचनाओं के कैचमेन क्षेत्र में पानी 2-3 माह तक रूके रहता है, जो सिंचाई के काम आता है। गांव के कृषकों द्वारा बताया गये है कि गांव में सिंचाई व्यवस्था उपलब्ध होने से इस वर्ष भी खेती रकबा बढ़ने के साथ-साथ सब्जी की खेती व रबी फसलों के क्षेत्र में वृद्धि होगी। जल संरक्षण अंतर्गत और अन्य गांवों का चिन्हांकन कर कार्ययोजना तैयार किया जा रहा है।

## धर्म समाचार....

## भगवान विष्णु की पूजा के समय करें विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ, दूर होंगे सभी दुख-दर्द



वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर हर्षण योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। इसके साथ ही दोपहर 12 बजकर 29 मिनट तक भद्रावास योग का संयोग है। इन योग में लक्ष्मी नारायण जी की पूजा एवं भक्ति करने से मनचाही मुराद पूरी होती है।

नई दिल्ली। वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित है। इस शुभ तिथि पर मोहिनी एकादशी मनाई जाती है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि आदिकाल में अमृत वितरण के दौरान असुरों को मोहित करने के लिए भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण किया था। इसके लिए हर साल वैशाख महीने में मोहिनी एकादशी मनाई जाती है। धार्मिक मत है कि एकादशी के दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा करने से साधक को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है। साथ ही जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुख एवं संकट दूर हो जाते हैं। अगर आप भी भगवान विष्णु की कृपा के भागी बनना चाहते हैं, तो मोहिनी एकादशी के दिन भक्ति भाव से लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करें। साथ ही पूजा के समय विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।

संतान गोपाल स्तोत्रम्
श्रीशं कमलपत्राक्षं देवकीनन्दनं हरिम् ।
सुतसम्प्राप्तये कृष्णं नमामि मधुसूदनम् ॥1॥
नमाम्यहं वासुदेवं सुतसम्प्राप्तये हरिम् ।
यशोदांकगतं बालं गोपालं नन्दनन्दनम् ॥
अस्माकं पुत्रलाभाय गोविन्दं मुनिवन्दितम् ।
नमाम्यहं वासुदेवं देवकीनन्दनं सदा ॥
गोपालं डिम्भकं वन्दे कमलापतिमच्युतम् ।
पुत्रसम्प्राप्तये कृष्णं नमामि यदुपुंगवम् ॥
पुत्रकामेष्टिफलदं कंजाक्षं कमलापतिम् ।
देवकीनन्दनं वन्दे सुतसम्प्राप्तये मम ॥
पद्मापते पद्मनेत्र पद्मनाभ जनार्दन ।
देहि में तनयं श्रीश वासुदेव जगत्पते ॥
यशोदांकगतं बालं गोविन्दं मुनिवन्दितम् ।
अस्माकं पुत्रलाभाय नमामि श्रीशमच्युतम् ॥
श्रीपते देवदेवेश दीनार्तिहरणाच्युत ।
गोविन्द मे सुतं देहि नमामि त्वां जनार्दन ॥
भक्तकामद गोविन्द भक्तं रक्ष शुभप्रद ।
देहि मे तनयं कृष्ण रुक्मिणीवल्लभ प्रभो ॥
रुक्मिणीनाथ सर्वेश देहि मे तनयं सदा ।
भक्तमन्दार पद्माक्ष त्वामहं शरणं गत: ॥
देवकीसुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते ।
देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गत: ॥
वासुदेव जगद्वन्द्य श्रीपते पुरुषोत्तम ।
देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गत: ॥
कंजाक्ष कमलानाथ परकारुरुणिकोत्तम ।
देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गत: ॥
लक्ष्मीपते पद्मनाभ मुकुन्द मुनिवन्दित ।
देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गत: ॥
कार्यकारणरूपाय वासुदेवाय ते सदा ।
नमामि पुत्रलाभार्थं सुखदाय बुधाय ते ॥
राजीवनेत्र श्रीराम रावणारे हरे कवे ।
तुभ्यं नमामि देवेश तनयं देहि मे हरे ॥
अस्माकं पुत्रलाभाय भजामि त्वां जगत्पते ।
देहि मे तनयं कृष्ण वासुदेव रमापते ॥
श्रीमानिनीमानचोर गोपीवस्त्रापहारक ।
देहि मे तनयं कृष्ण वासुदेव जगत्पते ॥
अस्माकं पुत्रसम्प्राप्तिं कुरुष्व यदुनन्दन ।
रमापते वासुदेव मुकुन्द मुनिवन्दित ॥
वासुदेव सुतं देहि तनयं देहि माधव ।
पुत्रं मे देहि श्रीकृष्ण वत्सं देहि महाप्रभो ॥
डिम्भकं देहि श्रीकृष्ण आत्मजं देहि राघव ।
भक्तमन्दार मे देहि तनयं नन्दनन्दन ॥
नन्दनं देहि मे कृष्ण वासुदेव जगत्पते ।
कमलानाथ गोविन्द मुकुन्द मुनिवन्दित ॥
अन्यथा शरणं नास्ति त्वमेव शरणं मम ।
सुतं देहि श्रियं देहि श्रियं पुत्रं प्रदेहि मे ॥
यशोदास्तन्यपानज्ञं पिबन्तं यदुनन्दनम् ।
वन्देह्यहं पुत्रलाभार्थं कपिलाक्षं हरिं सदा ॥
नन्दनन्दन देवेश नन्दनं देहि मे प्रभो ।
रमापते वासुदेव श्रियं पुत्रं जगत्पते ॥
पुत्रं श्रियं श्रियं पुत्रं पुत्रं मे देहि माधव ।
अस्माकं दीनवाक्यस्य अवधारय श्रीपते ॥
गोपालडिम्भ गोविन्द वासुदेव रमापते ।
अस्माकं डिम्भकं देहि श्रियं देहि जगत्पते ॥
मद्वांछितफलं देहि देवकीनन्दनाच्युत ।
मम पुत्रार्थितं धन्यं कुरुष्व यदुनन्दन ॥
याचेह्यहं त्वां श्रियं पुत्रं देहि मे पुत्रसम्पदम् ।
भक्तचिन्तामणे राम कल्पवृक्ष महाप्रभो ॥
आत्मजं नन्दनं पुत्रं कुमारं डिम्भकं सुतम् ।
अर्भकं तनयं देहि सदा मे रघुनन्दन ॥
वन्दे सन्तानगोपालं माधवं भक्तकामदम् ।
अस्माकं पुत्रसम्प्राप्त्यै सदा गोविन्दच्युतम् ॥
ऊँकारयुक्तं गोपालं श्रीयुक्तं यदुनन्दनम् ।
कलींयुक्तं देवकीपुत्रं नमामि यदुनायकम् ॥
वासुदेव मुकुन्देश गोविन्द माधवाच्युत ।
देहि मे तनयं कृष्ण रमानाथ महाप्रभो ॥
राजीवनेत्र गोविन्द कपिलाक्ष हरे प्रभो ।
समस्तकाम्यवरद देहि मे तनयं सदा ॥
अब्जपद्मनिभं पद्मवृन्दरूप जगत्पते ।
देहि मे वरसत्पुत्रं रमानायक माधव ॥
नन्दपाल धरापाल गोविन्द यदुनन्दन ।
देहि मे तनयं कृष्ण रुक्मिणीवल्लभ प्रभो ॥
दासमन्दार गोविन्द मुकुन्द माधवाच्युत ।
गोपाल पुण्डरीकाक्ष देहि मे तनयं श्रियम् ॥
यदुनायक पद्मेश नन्दगोपवधूसुत ।
देहि मे तनयं कृष्ण श्रीधर प्राणनायक ॥
अस्माकं वांछितं देहि देहि पुत्रं रमापते ।
भगवन् कृष्ण सर्वेश वासुदेव जगत्पते ॥
रमाहृदयसम्भार सत्यभामामन:प्रिय ।
देहि मे तनयं कृष्ण रुक्मिणीवल्लभ प्रभो ॥
चन्द्रसूर्याक्ष गोविन्द पुण्डरीकाक्ष माधव ।
अस्माकं भाग्यसत्पुत्रं देहि देव जगत्पते ॥
कारुण्यरूप पद्माक्ष पद्मनाभसमर्चित ।
देहि मे तनयं कृष्ण देवकीनन्दनन्दन ॥
देवकीसुत श्रीनाथ वासुदेव जगत्पते ।
समस्तकामफलद देहि मे तनयं सदा ॥
भक्तमन्दार गम्भीर शंकराच्युत माधव ।
देहि मे तनयं गोपबालवत्सल श्रीपते ॥
श्रीपते वासुदेवेश देवकीप्रियनन्दन ।
भक्तमन्दार मे देहि तनयं जगतां प्रभो ॥
जगन्नाथ रमानाथ भूमिनाथ दयानिधे ।
वासुदेवेश सर्वेश देहि मे तनयं प्रभो ॥
श्रीनाथ कमलपत्राक्ष वासुदेव जगत्पते ।
देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गत: ॥
दासमन्दार गोविन्द भक्तचिन्तामणे प्रभो ।
देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गत: ॥
गोविन्द पुण्डरीकाक्ष रमानाथ महाप्रभो ।
देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गत: ॥
श्रीनाथ कमलपत्राक्ष गोविन्द मधुसूदन ।
मत्पुत्रफलसिद्ध्यर्थं भजामि त्वां जनार्दन ॥
स्तन्यं पिबन्तं जननीमुखाम्बुजं
विलोक्य मन्दस्मितमुज्ज्वलांगम् ।
स्पृशन्तमन्यस्तनमंगुलीभि-
र्वन्दे यशोदांकगतं मुकुन्दम् ॥
याचेह्यहं पुत्रसन्तानं भवन्तं पद्मलोचन ।
देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गत: ॥
अस्माकं पुत्रसम्पत्तेश्चिन्तयामि जगत्पते ।
शीघ्रं मे देहि दातव्यं भवता मुनिवन्दित ॥
वासुदेव जगन्नाथ श्रीपते पुरुषोत्तम ।
कुरु मां पुत्रदत्तं च कृष्ण देवेन्द्रपूजित ॥
कुरु मां पुत्रदत्तं च यशोदाप्रियनन्दन ।
मह्यं च पुत्रसंतानं दातव्यं भवता हरे ॥
वासुदेव जगन्नाथ गोविन्द देवकीसुत ।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# कलेक्टर ने सुशासन तिहार 2025 के संबंध में ली पत्रकार-वार्ता

## सुशासन की स्थापना को लेकर सरकार लगातार प्रतिबद्धता के साथ कर रही कार्य, जिले में कुल 1 लाख 27 हजार 659 आवेदन हुए प्राप्त

**शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए, योजनाओं और कार्यक्रमों का हो रहा प्रभावी क्रियान्वयन**

**कुल 84 हजार 129 आवेदनों का किया गया निराकरण**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुशासन तिहार 2025 के संबंध में पत्रकार-वार्ता ली। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शासन-प्रशासन के हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए, योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो और इनका लाभ उन जरूरतमंद वर्गों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे, जिनके लिए योजनाएं बनाई गई हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी की मंशा के अनुरूप राज्य में सुशासन तिहार-2025 का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान, शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी, विकास कार्यों में तेजी लाना और जनता, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ। जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए हैं। आवेदन समाधान पेटी, शिविर और ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से लिए गए हैं। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर की गई थी। हाट बाजारों में भी आवेदनों का संग्रह किया गया है। राजनांदगांव जिले कुल 1 लाख 27 हजार 659 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें मांग के संबंधित 1 लाख 24 हजार 202 एवं शिकायत से संबंधित 3 हजार 357 है। इसमें कुल 84 हजार 129 आवेदनों का निराकरण किया गया है।



कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि सुशासन तिहार के दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड कर संबंधित विभाग, जनपद और नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजकर उनके गुणवत्तापूर्ण निराकरण की कार्रवाई की जा रही है। मांग से संबंधित आवेदनों को बजट की उपलब्धता के आधार पर निराकृत किया जा रहा है। आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता की समीक्षा जिला और राज्य स्तर पर की जा रही है। तीसरे एवं अंतिम चरण की शुरूआत 5 मई 2025 से हो रही है, जो 30 मई 2025 तक चलेगी। इस दौरान जिले के 8 से 15 ग्राम पंचायतों के बीच एक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगरीय निकायों में भी शिविर लगाए जाएंगे। जिले में कुल 68 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों पर की गई विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में नए आवेदन भी लिए जाएंगे और जिन मामलों का समाधान वहीं संभव होगा, उनका मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। विभागीय अधिकारी समाधान शिविरों में विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन पत्र व प्रपत्र भी उपलब्ध कराए जाएगें। समाधान शिविरों में विकासखंड एवं अनुभाग स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिला स्तर से भी कुछ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसी तरह की व्यवस्था नगरीय निकायों के शिविरों में भी रहेगी।कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि सुशासन तिहार के तीसरे चरण के दौरान मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्रीगण, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी कुछ समाधान शिविरों में शामिल होंगे और आम जनता से सीधा संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री विकास कार्यों और योजनाओं का औचक निरीक्षण भी करेंगे और योजनाओं के जमीनी लाभ के बारे में फीडबैक लेंगे। मुख्यमंत्री जिला मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे।

जिसमें शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति, विभिन्न योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री अपने प्रवास के दौरान प्रेस वार्ता को संबोधित करेंगे और विभिन्न संगठनों एवं नागरिकों से भेंट भी करेंगे। कलेक्टर ने पत्रकार साथियों से सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत आयोजित समाधान शिविरों के प्रचार-प्रसार में सहभागी बनने की अपील की, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों लाभ ले सकें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री अभिषेक तिवारी एवं अन्य अधिकारी व प्रेम व मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# स्टेशन पारा, पटरी पार में पानी की समस्या को ले कर चक्काजाम

### उत्तर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आसिफअली के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी रहे उपस्थित





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पटरी पार लगातार हो रही जलप्रदाय की समस्या को ले कर राजनांदगांव के पटरी पार की जनता का आक्रोश फूटा है गौरतलब है कि बहुत समय से क्षेत्र की जनता पानी की भीषण समस्या से जूझ रही है उक्त मांग को ले कर आज उत्तर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आसिफ अली के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं व बड़ी संख्या में जनता की उपस्थिति में लगभग एक घंटे तक चक्का जाम किया क्षेत्रवासी अपनी मांगो पर अड़े रहे व उच्च अधिकारी से मिलने की मांग लगातार करते रहे सीएसपी सहित चिखली चौकी प्रभारी भी उक्त मौके पर मौजूद रहे साथ अन्य पुलिस अधिकारी भी थे नगर निगम ई ई यू के रामटेके सहित जल विभाग प्रभारी उप अभियंता गरिमा वर्मा ने भी पहुंच कर सभी से बात करने का प्रयास किया लेकिन सभी ने एक स्वर में निगम आयुक्त को बुलवाने की बात कही जिसके बाद लगभग एक घंटे चक्का जाम चलने के बाद आयुक्त ने पहुंच कर आज से सुचारू रूप से पानी देने का आश्वासन दिया है साथ ही एक सक्षम अधिकारी की ड्यूटी लगाने की बात कही है गली गली यह देखने की कही कोई परेशानी तो नहीं है उक्त आश्वासन के बाद चक्काजाम समाप्त किया गया। आसिफ अली ने बताया कि स्टेशन पारा, चिखली, रामनगर में पानी की समस्या बढ़ गई है पूर्व में कई बार ज्ञापन के माध्यम से अधिकारियों को अवगत कराया गया था उसके बाद भी किसी ने ध्यान नहीं दिया इसलिए हमें आंदोलन करने मजबूर होना पड़ा। उक्त मौके पर चक्का जाम सहित जमकर नारेबाजी की गई निगम प्रशासन मुर्दाबाद, महापौर मुर्दाबाद के गगनचुंबी नारे लगे, उक्त आंदोलन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आसिफ अली सहित पूर्व महापौर हेमा देशमुख, निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, स्टेशन पारा वार्ड पार्षद छोटेलाल रामटेके, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अभिमन्यु मिश्रा, पार्षद प्रतिनिधि अमीन हुड्डा, कांग्रेस खेल कूद प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष मनीष गौतम, शहर कांग्रेस संयुक्त महामंत्री अब्बास खान, यूसुफ खान, महामंत्री संदीप सोनी, अरविंद साहू, गोपाल सिन्हा, रामू यादव, गीत साहू, भागवत यादव, आनंद रामटेके, पंचराम निषाद, परदेशी वासनिक, कृष्णा ताम्रकार, बाबा यादव, अरविंद चंद्राकर, भावेश बुद्धदेव, राजेश सिन्हा, हरि साहू, जुगनू ठाकुर, झाडूराम साहू, रोहित यादव, जीत साहू, ऋषि रजक, हरि साहू, संतोषी नागवंशी, देवकी यादव, बिल्किस खान, चमेली यादव, इंद्रायणी यादव, कविता वैद्ये, बुना खान, रहना उईके, संध्या उईके, योगिता श्यामकर, मोइन गोरी आदि सहित सैकड़ों की तादाद में पटरी पार के महिला, पुरुष, युवा आदि उपस्थित रहे ।

# सोमनी में शासकीय भूमि की अवैध खरीद-बिक्री जोरों पर, ग्रामीणों में आक्रोश

## भूमाफिया सरकारी जमीन को निजी बताकर कर रहे हैं सौदे, शासन के आदेश को ठेंगा



**सोमनी (राजनांदगांव)।** क्षेत्र में शासकीय भूमि की अवैध खरीद-बिक्री का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में शासन द्वारा जारी आदेश और चेतावनियों के बावजूद कुछ भू-माफिया और दलाल मिलकर सरकारी जमीन को निजी बताकर लाखों में सौदे कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, हाल ही में ग्रामीणों और मीडिया द्वारा शासकीय भूमि की अवैध बिक्री का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया था, जिसके बाद शासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए आदेश जारी किया कि बिना तहसीलदार की अनुमति के कोई भी पटवारी आबादी भूमि का रिकॉर्ड नहीं देगा। बावजूद इसके, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण और धोखाधड़ी की घटनाएं सामने आ रही हैं।बताया जा रहा है कि नेशनल हाइवे किनारे स्थित शासकीय भूमि पर भू-माफिया द्वारा चुने की मार्किंग कर निजी भूमि बताई जा रही है और उसकी रजिस्ट्री की तैयारी की जा रही है। यह वही भूमि है जिसका उपयोग ग्रामीण वर्षो से सार्वजनिक मार्ग के रूप में तालाब तक पहुंचने के लिए करते आ रहे हैं। प्रभावित ग्रामीणों का कहना है कि यह भूमि ग्रामवासियों के लिए महत्वपूर्ण है और इसकी



बिक्री से जनसुविधाओं पर प्रभाव पड़ेगा। दलालों द्वारा दो से ढाई हजार रुपए प्रति स्क्वेयर फीट के हिसाब से जमीन बेचने की योजना बनाई जा रही है, जिससे गांव में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में तत्काल संज्ञान लेकर सख्त कार्रवाई की जाए और शासकीय भूमि को अवैध कब्जे और बिक्री से बचाया जाए।

## पेंशनर्स एसोसिएशन का सम्मान समारोह 8 मई को डोंगरगांव में

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा डोंगरगांव का मासिक बैठक 8 मई 2025 गुरुवार को दोपहर 1:00 बजे से यादव सामुदायिक भवन डोंगरगांव (पेंशनर्स एसोसिएशन भवन के बाजू) में नव-निर्वाचित प्रान्तीय अध्यक्ष श्री यशवंत देवान जी का सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित है। अमर सिंह ठाकुर प्रवक्ता, हीरालाल ढोमने प्रवक्ता, वाय के गहरवार प्रवक्ता, ज्योतिष राम यादव अध्यक्ष, डोल कुमार देवांगन उप कोषाध्यक्ष, एन के श्रीवास्तव संगठन सचिव, राम कुमार ठाकुर संगठन सचिव, जी आर अहीर उपाध्यक्ष, शोभित राम साहू संगठन सचिव ने संरक्षक गण, पदाधिकारी गण एवं सदस्य गण अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने में सहयोग प्रदान करने की आग्रह की है ।

## अंतरराष्ट्रीय संत बौद्धिक मंच के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष बने हेमंत वर्मा

**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सनातन धर्म की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गठित साधु संतों का अंतरराष्ट्रीय मंच अंतर्राष्ट्रीय संत बौद्धिक विचार मंच में हेमंत वर्मा को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है उन्हें कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ नियुक्त किया गया है उनकी यह नियुक्ति नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि चाणक्य की अनुशंसा से अंतर्राष्ट्रीय संत बौद्धिक मंच के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी श्री स्वदेशानंद जी गिरी महाराज के द्वारा नियुक्त किया गया है उनकी नियुक्ति से प्रदेश भारतीय जनता पार्टी सहित नरेंद्र मोदी विचार मंच के पदाधिकारियों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं व्यक्त किया है साथ ही आशा व्यक्त किया है कि हेमंत वर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय संत बौद्धिक मंच प्रदेश में सनातन धर्म के लिए अपनी ज़िम्मेदारियों का निर्वहन बखूबी करेगा।



# ग्राम अछोली अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को मिली सफलता

## आटो लाईट आँख मे पड़ने पर हुआ विवाद, तीन आरोपियों ने मिलकर दिया घटना को अंजाम

**घटना में प्रयुक्त चाकू, आटो रिक्शा जप्त.**

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** अछोली में युवक के अंधे कत्ल के राज से पर्दाफ़श करने में डोंगरगढ़ पुलिस को सफलता मिली है और तीन आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े है. पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि 02 मई 2025 को डायल 112 से सुचना प्राप्त हुई कि ग्राम अछोली मे प्राथमिक स्कूल के पास रात्रि में शादी कार्यक्रम हो रहा था उसी पंडाल के पीछे पुराना स्कूल भवन के बरामदे मे एक अज्ञात व्यक्ति की खुन से लथपथ शव मिलने पर थाना डोंगरगढ़ में अप0क्र0- 189/2025 धारा- 103(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिस पर घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक




मोहित गर्ग एवं अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ आषीष कुंजाम के मार्ग-दर्शन पर डोंगरगढ़ पुलिस टीम अज्ञात आरोपी की पता तलाश किया जा रहा था कि इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति जो घटना दिनांक को घटना स्थल के आसपास मौजूद थे ग्राम कलकसा में राहुल वर्मा के घर के पीछे छिपे हुये हैं जिन्हें पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया । पकड़े गये संदेहियों को थाना लाकर बारिकी से पूछताछ करने पर मुख्य आरोपी राहुल वर्मा निवासी ग्राम कलकसा द्वारा अपने अन्य साथी षिवम यादव एवं भास्कर वर्मा निवासी अछोली के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया । आरोपी राहुल के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू तथा आटो रिक्षा जप्त किया गया है । पूछताछ पर आरोपियों द्वारा घटना के संबंध में बताया गया कि दिनांक 02.05.2025 को रात्रि में ग्राम अछोली भास्कर वर्मा के घर पर तीनों दोस्त शराब का सेवन कर घुमने के लिये आटो रिक्शा सीजी 04 के.वाय. 6742 से घुमने निकले जैसे ही स्कुल चौक अछोली के पास पहुचे तब आटो की लाईट भीम लाल नेताम के चेहरे पर पडा आटो के लाईट से चेहरे पर पड़ने के कारण आटो चालक राहुल के साथ वाद विवाद हुआ जिस पर शिवम यादव एवं भास्कर वर्मा के द्वारा मृतक के हाथ को पकड़कर रखा और राहुल वर्मा के द्वारा अपने आटो में रखे चाकू से भीम लाल के छाती में वार कर घटना से फरार हो गये थे ।

# नरेंद्र मोदी विचार मंच का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 13 व 14 मई को रायपुर में

## अंतर्राष्ट्रीय संत बौद्धिक मंच के स्वदेशानंद गिरि सहित अनेक विश्व स्तर के साधु संत पधारेंगे

**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारत के कोने-कोने में नरेंद्र मोदी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रव्यापी संगठन नरेंद्र मोदी विचार मंच का छत्तीसगढ़ में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 13 एवं 14 मई 2025 को रखा गया है जिसमें सभी 28 अनुसांगिक संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय महामंत्री और सभी प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री भाग लेंगे इसी कड़ी में सनातन धर्म की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गठित संगठन अंतर्राष्ट्रीय संत बौद्धिक मंच के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष स्वदेशानंद गिरि भी अपनी पूरी कार्यकारिणी के साथ रायपुर में पधारेंगे अंतरराष्ट्रीय संत बौद्धिक विचार मंच के प्रदेश कार्यवाहक छत्तीसगढ़ अध्यक्ष हेमंत वर्मा ने उक्तआशय की जानकारी देते हुए बताया कि उक्त सत्र में छत्तीसगढ़ सहित देश भर में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर व्यापक विचार विमर्श किया जाएगा साथ ही सनातन धर्म की पुनरउत्थान कैसे हो इस संबंध में व्यापक चर्चा होगी इस कार्यक्रम में विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय संत बौद्धिक विचार मंच के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष स्वदेशानंद जी गिरी पधार रहे हैं उन्होंने सभी सनातनी साथियों से उक्त कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील किया है।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com